अनुक्रमांक.. मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

नाम...

142 **340 (IN)**

2025

समाजशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. इण्डियन सोसायटी' नामक पुस्तक की रचना किसने की-

    (A) एस०सी० दुबे

    (B) डी०एन० मजूमदार

    (C) एम०एन० श्रीनिवास

    (D) आन्द्रे बेतेई।

modelpaper.info

2. जनसंख्या वृद्धि का सिद्धान्त किसने दिया-

(A) स्पेन्सर

(B) वेबर

(C) माल्थस

(D) सोरोकिन।

3. अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम किस वर्ष में पारित हुआ -

(A) सन् 1961

(B) सन् 1955

(C) सन् 1976

(D) सन् 2002.

4. निम्नलिखित में से कौन-सी जनजातीय समाज की प्रमुख विशेषता है-

(A) विज्ञान

(B) शिक्षा

(C) तकनीकी

(D) सामान्य भाषा।

5. ‘An Essay on the Principle of Population' पुस्तक के लेखक कौन हैं-

(A) माल्थस

(B) मार्क्स

(C) जोहान गुटेनबर्ग

(D) दुर्खीम।

6. 'बाजार' क्या है-

(A) एक संस्था

(B) एक समुदाय

(C) एक समिति

(D) एक समूह।

7. साक्षात्कार पद्धति का उद्देश्य है-

(A) प्रत्यक्ष सम्पर्क

(B) पूर्ण जानकारी प्राप्त करना

(C) व्यक्तिगत सूचनाएँ प्राप्त करना

modelpaper.info

(D)उपर्युक्त सभी

8. प्रभुत्व जाति की अवधारणा किसने दी -

(A)आर०के० मुखर्जी

(B)एम०एन० श्रीनिवास

(C)योगेन्द्र सिंह

(D)डी०एन० मजूमदार।

9. भारत में पंचायती राज की कौन-सी व्यवस्था लागू है-

(A)एक-स्तरीय

(B)द्वि-स्तरीय

(C)त्रि-स्तरीय

(D)चतुर्थ-स्तरीय।

10.विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई-

(A)सन् 1950 में

(B)सन् 1960 में

(C)सन् 1955 में

(D)सन् 2005 में।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11.राष्ट्रवाद से आप क्या समझते हैं?

12.जन्मदर से आप क्या समझते हैं?

13.'पैन्ड़ेमिक' क्या है?

14.एकल परिवार से आप क्या समझते हैं?

15.सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है?

16.सामाजिक परिवर्तन क्या है?

modelpaper.info

17.उपभोग की संस्कृति किसे कहते हैं?

18.ब्रह्म समाज की स्थापना किसने और कब की?

19.पर्यावरणीय आन्दोलन के तीन कारण लिखिए।

20.अंतर्विवाह क्या है ? समझाइए।

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

21.जाति व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 6

22.भारत में लिंगानुपात में गिरावट के कारणों पर प्रकाश डालिए। 6

23.औद्योगीकरण का संयुक्त परिवारों पर क्या प्रभाव पड़ता है? 6

24.ग्राम पंचायत की शक्तियों का वर्णन कीजिए। 6

25.पर्यावरणीय आन्दोलन से आप क्या समझते हैं? 6

26.राजा राममोहन राय के समाज सुधार आन्दोलन के विषय पर चर्चा कीजिए। 6

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

27.भारत में पुराने तथा नए सामाजिक आन्दोलनों में स्पष्ट भेद करना क्यों कठिन है? 8

अथवा

modelpaper.info

"दहेज प्रथा एक अभिशाप है।" व्याख्या कीजिए।

28.उपनिवेशवाद किसे कहते हैं? उपनिवेशकाल में राष्ट्रवाद के विकास की विवेचना कीजिए। 8

अथवा

भारतीय लोकतन्त्र में दबाव समूहों की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

29.भारत में धर्मनिरपेक्षतावाद के सहायक कारणों की विवेचना कीजिए। 8

अथवा

हरित क्रान्ति और इसके सामाजिक परिणामों की विवेचना कीजिए।

modelpaper.info